भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †790
सोमवार, 12 दिसम्बर, 2022/21 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

अंबेडकर सर्किट के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन

†790. श्री मारगनी भरतः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार अंबेडकर सर्किट के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन चलाने की योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो ट्रेन और सर्किट का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उपरोक्त सर्किट स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत है;

(घ) क्या स्वदेश दर्शन योजना में अन्य नए सर्किट जोड़ने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने बौद्ध धर्म और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन से जुड़े स्थानों की यात्रा को जन सामान्य के लिए सुगम बनाने हेतु उपयुक्त पर्यटक ट्रेन परिपथ को अंतिम रूप देने के संबंध में रेल मंत्रालय से अनुरोध किया है। पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्थायी और युक्तसंगत पर्यटक गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है।

*****